## मिर्गी क्या होती है?

**अनुमानित रूप से 48,000 न्यू ज़ीलैंडवासियों को मिर्गी है।**

### बार-बार दौरे पड़ने की प्रवृत्ति मिर्गी होती है।

मस्तिष्क में अनियंत्रित विद्युत गतिविधि होने के कारण दौरे पड़ते हैं।

दौरे के लक्षण बहुत अलग-अलग होते हैं।

इनमें शामिल हो सकते हैं:

- ऐंठन होना या मरोड़युक्त गति होना
- बेहोशी आना
- भ्रम होना
- जागरुकता में परिवर्तन या कमी होना
- एकटक खाली देखना
- विकृत संवेदनाएँ होना
- असामान्य व्यवहार करना

## यह लोगों को कैसे प्रभावित करती है?

**मिर्गी से ग्रस्त प्रत्येक व्यक्ति को इसका अलग-अलग तरीके से अनुभव होता है।**

### मिर्गी किसी भी लिंग, नस्ल और उम्र के लोगों में विकसित हो सकती है।

मिर्गी आम रूप से होती है, किंतु इसे अक्सर गलत तरह से समझा जाता है।

कुछ लोगों को केवल एक ही प्रकार का दौरा आता है, जबकि अन्य लोगों को कई तरह के दौरे आते हैं।

मिर्गी से पीड़ित लगभग 70% लोग दवाई के साथ इसे अच्छी तरह से नियंत्रित कर लेते हैं।

मिर्गी के प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम समस्या की समझ प्राप्त करना होता है।

*"हमारे स्थानीय शिक्षक हमारे परिवार को यह सिखाने में बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं कि हमें अपनी बेटी की मिर्गी का प्रबंधन करने के लिए क्या जानने की आवश्यकता है।" मानावाटु सेवार्थी*

## हम क्या करते हैं?

**हमारे शिक्षकों की राष्ट्रव्यापी टीम समर्थन और जानकारी प्रदान करती है।**

### हमसे कोई भी व्यक्ति सीधे संपर्क कर सकता है। हमारी सेवाओं में शामिल हैं:

#### व्यक्तियों और परिवारों के लिए

- राष्ट्रीय हेल्पलाइन 0800 37 45 37
- एपॉइंटमेंट (आमने-सामने, फोन पर या ऑनलाइन।)
- दौरे के प्रबंधन के बारे में सलाह
- दौरा-रोधी दवाइयों के प्रबंधन के बारे में जानकारी
- क्षेत्रीय परिवहन सलाह
- समर्थन और संपर्क की सुविधा
- अन्य सेवाओं के लिए सलाह और रेफरल

#### संगठनों और समुदायों के लिए

- स्वास्थ्य पेशेवरों, स्कूलों, सामुदायिक कार्यकर्ताओं और कार्यस्थलों के लिए प्रशिक्षण
- सामुदायिक जागरुकता
- मिर्गी के बारे में सेमिनार और वार्ताएँ

# हम कौन हैं?

**Epilepsy New Zealand एक पंजीकृत दानार्थ संस्था है, जो 60 से भी अधिक वर्षों से नि:शुल्क, गोपनीय सहायता प्रदान कर रही है।**

**हम मिर्गी के साथ जीवन जीने वाले लोगों की सकुशलता और हितों को प्रोत्साहन देने तथा जन जागरुकता बढ़ाने के लिए काम करते हैं।**

हम इनके साथ काम करते हैं:

- व्यक्ति-विशेष
- परिवार/whānau
- प्रि-स्कूल, स्कूल या शिक्षक
- कार्यस्थल
- स्वास्थ्य एजेंसियां
- अन्य पेशेवर।

***"Epilepsy New Zealand समर्थन कार्यकर्ता का हमारे घर पर आना, दौरे के प्रबंधन व पहचान के बारे में शिक्षित करना, और अंततः सामान्य जीवन में वापस आने के लिए समर्थन देना बहुत ही अच्छा रहा।"***
***ओटागो सेवार्थी***

**और अधिक जानकारी या सदस्यता अथवा दान के बारे में पूछने के लिए**


**कॉल करें: 0800 EPILEPSY**

**ईमेल भेजें: info@epilepsy.org.nz**

**यहाँ जाएँ: www.epilepsy.org.nz**

**facebook.com/epilepsynz**




**प्रतिलिप्याधिकार Epilepsy New Zealand 2022**

**EPILEPSY NEW ZEALAND**
*Kia titiro ki te tangata | See the person*

## जानकारी और समर्थन सेवाएँ

**0800 EPILEPSY पर कॉल करें (0800 37 45 47)**



**समझने से अंतर पड़ता है**